वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report | 2012-13

सेवा – उन्नत तकनीक सह
HI-TECH SERVICE



संस्पर्श – आत्मीय
HIGH TOUCH DELIVERY

BARODA next
STATE-OF-THE-ART. STRAIGHT FROM THE HEART.
www.bankofbaroda.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank

निदेशक मंडल / Board of Directors



बायें से दायें - श्री विनिल कुमार सक्सेना, श्री सुधीर कुमार जैन - कार्यकारी निदेशक,श्री सुदर्शन सेन, श्री पी.श्रीनिवास - कार्यकारी निदेशक, श्री आलोक निगम, श्री एस.एस.मूंदड़ा - अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, श्री सुरेन्द्र एस.भण्डारी, श्री मौलिन अरविन्द वैष्णव, श्री अजय माथुर, श्री राजीब सेखर साहू, श्री सत्य देव त्रिपाठी, श्री वी.बी.चव्हाण, श्री रंजन धवन - कार्यकारी निदेशक

Left to Right - Shri Vinil Kumar Saxena, Shri Sudhir Kumar Jain – Executive Director, Shri Sudarshan Sen, Shri P. Srinivas -Executive Director, Shri Alok Nigam, Shri S. S. Mundra – Chairman & Managing Director, Shri Surendra S. Bhandari, Shri Maulin A. Vaishnav, Shri Ajay Mathur, Shri Rajib Sekhar Sahoo, Shri Satya Dev Tripathi, Shri V. B. Chavan , Shri Ranjan Dhawan – Executive Director

महाप्रबंधक / General Managers

आर. के. बंसल	R. K. BANSAL
जे. रमेश	J. RAMESH
वि. एच. थत्ते	V. H. THATTE
एस. के. दास	S. K. DAS
सुभाष सी. आहुजा	SUBHASH C. AHUJA
आर. एस. सेतिया	R. S. SETIA
एस. कल्याणरमण	S. KALYANARAMAN
अनिमेष चौहान	ANIMESH CHAUHAN
के. एन. मानवी	K. N. MANVI
के. डी. लाम्बा	K. D. LAMBA
मोहर सिंह	MOHAR SINGH
के. के. शुक्ला	K. K. SHUKLA
अरुण श्रीवास्तव	ARUN SHRIVASTAVA
आर. पी. मराठे	R. P. MARATHE
राजेश महाजन	RAJESH MAHAJAN
जे. डी. परमार	J. D. PARMAR
पी. डी. सिंह	P. D. SINGH
आर. एस. अभ्यंकर	R. S. ABHYANKAR
आर. कोटीश्वरन	R. KOTEESWARAN
डी. के. गर्ग	D. K. GARG
वी. के. गुप्ता	V. K. GUPTA
के. वेंकट रामामूर्ति	K. VENKATA RAMA MOORTHY
के. पी. खरात	K. P. KHARAT
यू. के. बीजापुर	U. K. BIJAPUR
निर्मेष कुमार	NIRMESH KUMAR
एम. एल. जैन	M. L. JAIN
एम. एम. रेड्डी	M. M. REDDY
अरुण कुमार	ARUN KUMAR
एल. एम. अस्थाना	L. M. ASTHANA
यू. सी. सिंघवी	U. C. SINGHVI
डी. पी. त्रिवेदी	D. P. TRIVEDI
ई. एच. रहिमान	E. H. RAHIMAN
पी. डी. पोटनीस	P. D. POTNIS
डॉ. के. श्रीनिवास राव	Dr. K. SRINIVASA RAO
एन. के. जैन	N. K. JAIN
एस. के. पुजारी	S. K. POOJARY
आर. के. शर्मा	R. K. SHARMA
एन. एन. भालेराव	N. N. BHALERAO
डी. डी. सिंगला	D. D. SINGLA
आर. के. अरोरा	R. K. ARORA
एस. एस. घाग	S. S. GHAG

राजू गुप्ता- मुख्य सतर्कता अधिकारी	RAJU GUPTA - CHIEF VIGILANCE OFFICER
डॉ. (श्रीमती) रूपा नित्सुरे - मुख्य अर्थशास्त्री	DR.(SMT.) RUPA NITSURE - CHIEF ECONOMIST

लेखा परीक्षक / Auditors

कृते लक्ष्मीनिवास नीथ एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Laxminiwas Neeth & Co.
Chartered Accountants

कृते ब्रह्मय्या एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Brahmayya & Co.
Chartered Accountants

कृते रे एण्ड रे
सनदी लेखाकार

For Ray & Ray
Chartered Accountants

कृते एस के. मित्तल एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For S. K. Mittal & Co.
Chartered Accountants

कृते एन.बी.एस. एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For N. B. S. & Co.
Chartered Accountants

कृते केएएसजी एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For KASG & Co
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय
बड़ौदा हाऊस, माण्डवी, वड़ोदरा 390 006.

बड़ौदा कार्पोरेट सेन्टर
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू.), मुंबई 400 051.

निवेशक सेवाएं विभाग
तृतीय तल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई 400 051.

रजिस्ट्रार एवं अन्तरण एजेंट
मैसर्स कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्रा. लि. प्लाट नं. 17-24, विट्ठलराव नगर, इमेज अस्पताल के पास, माधापुर, हैदराबाद 500 081.

Head Office
Baroda House, Mandvi, Vadodara 390 006.

Baroda Corporate Centre
C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Investor Services Department
3rd Floor, Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Registrars & Transfer Agent
M/s. Karvy Computershare Pvt. Ltd. Plot No. 17-24, Vithalrao Nagar, Nr Image Hospital, Madhapur, Hyderabad 500 081.

विषय सूची / Contents

	पृष्ठ
अध्यक्षीय वक्तव्य	02
नोटिस	15
निदेशकों की रिपोर्ट	19
कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	99
व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट	138
हरित पहल - शेयर धारकों से अपील	161
बासेल II पिलर 3 प्रकटीकरण	163
महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक	179
परिभाषाएं	181
तुलन-पत्र	182
लाभ-हानि लेखा	183
नकदी-प्रवाह विवरणी	231
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	233
समेकित वित्तीय विवरणियां	236
सी ई ओ / सी एफ ओ प्रमाणीकरण	269
प्रॉक्सी फार्म / उपस्थिति पर्ची / ईसीएस	

	Page
Chairman's Statement	09
Notice	15
Directors' Report	61
Report on Corporate Governance	99
Business Responsibility Report	138
Green Initiative-Appeal to Shareholders	161
Basel II Pillar 3 disclosures	163
Key Financial Indicators	179
Definitions	181
Balance Sheet	182
Profit & Loss Account	183
Statement of Cash Flow	231
Auditors' Report	233
Consolidated Financial Statements	236
CEO / CFO Certification	270
Proxy Form / Attendance Slip / ECS	

अध्यक्षीय वक्तव्य



एस.एस.मूंदड़ा
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

"चुनौतीपूर्ण दौर में सुदृढ़ कार्यनिष्पादन"

प्रिय हितधारक,

मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वर्ष 2012-13 (वित्तीय वर्ष 13) के दौरान कठिन चुनौतियों एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में अस्थिरता के बावजूद न केवल सुदृढ़ता दिखाई है बल्कि समग्र कारोबार के स्तर पर राष्ट्रीयकृत बैंकिंग क्षेत्र में एक अग्रणी स्थान भी प्राप्त किया है.

यह उचित होगा कि आरंभ में उस कारोबार परिदृश्य की समीक्षा की जाए जिसके अंतर्गत समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने परिचालन किया है.

आर्थिक समीक्षा

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ सर्वाधिक धीमी वृद्धि परिलक्षित हुई है. वित्तीय वर्ष 2011 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 9.2% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2013 की तीसरी तिमाही में 4.5% तक आधी से अधिक कम हो गई जो 15 तिमाहियों में सर्वाधिक कम है. उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में तीव्र मंदी घरेलू नीति की अनिश्चितताएं, पूर्ववर्ती मौद्रिक नियंत्रण में अस्थिरता एवं बाहरी मांग में कमी का असर परिलक्षित होता है. कृषि वृद्धि में संतुलन की स्थिति ने वृद्धि की संभावनाओं के साथ-साथ मुद्रास्फीति की आशंका भी व्यक्त की है. यद्यपि, हेडलाइन मुद्रास्फीति (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) वित्तीय वर्ष 13 की 7.5-8.1% की तुलना में वित्तीय वर्ष 13 (मार्च, 2013) की दूसरी छमाही में 5.96% के स्तर पर नियंत्रण में आने से खुदरा (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) मुद्रास्फीति, उच्च खाद्य-स्फीति के साथ-साथ दो अंकों के स्तर पर अवरुद्ध रही. वृद्धि के खराब परिदृश्य के बावजूद, भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो दर और एसएलआर प्रत्येक को 100 आधारभूत अंक तथा सीआरआर को 75 आधारभूत अंक तथापि, क्रमिक रूप में घटाकर वृद्धि-स्फीति सक्रियता को सावधानीपूर्वक नियंत्रित किया.

धीमी वृद्धि के अलावा, भारतीय अर्थ व्यवस्था में गंभीर बाह्य असंतुलन दिखाई दिया जिससे कम निर्यात वृद्धि तथा उच्च तेल एवं स्वर्ण आयात के कारण मूल रूप से कारोबार घाटे के कारण वित्तीय वर्ष-13 की तीसरी तिमाही में चालू खाता घाटा (सीएडी) 6.7% के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया. चालू खाता घाटे के उच्च स्तर पर होते हुए भी, बेहतर पोर्टफोलियो एवं ईसीबी आवक के कारण रुपया-डॉलर विनिमय दर वांछित सीमा के अंदर ही रही.

अर्थव्यवस्था में समग्र मंदी के चलते अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की जमा एवं ऋण वृद्धि वर्षभर अपेक्षित स्तर से कम रही. खुदरा मुद्रा स्फीति उच्च स्तर पर रहते हुए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को जमाराशियों पर अधिक ब्याज देना पड़ा ताकि स्वर्ण एवं अन्य आकर्षक निवेशों के होते हुए, उनका जमा आधार बना रहे. इसके बावजूद भी वर्ष भर ऋण वृद्धि की तुलना में जमावृद्धि 250 से 300 आधारभूत बिंदु कम रही. इसके अतिरिक्त, कार्पोरेट क्षेत्र से निवेश कम होने तथा परियोजनाओं के रुक जाने के कारण बैंकों की आस्ति गुणवत्ता की चिंता बढ़ गई जबकि सरकारी क्षेत्र ने वित्तीय अनुशासन की प्राप्ति के लिए अपने खर्चों को सीमित कर दिया.

बैंक ऑफ़ बड़ौदाः चुनौतीपूर्ण दौर में सुदृढ़ता

विषम दीर्घ परिस्थितियों के होते हुए भी आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 में अपने कारोबार को मजबूती प्रदान की तथा वैश्विक कारोबार

के स्तर पर भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सबसे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक के रूप में उभरा. आपके बैंक का वैश्विक कारोबार मार्च, 2012 और मार्च, 2013 के मध्य तक 19.3% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर से ₹.6,72,248 करोड़ से बढ़कर ₹.8,02,069 करोड़ हो गया.

तथापि, भौतिक आस्तियों के रूप में आकर्षक वैकल्पिक अवसरों के होते हुए भी यह उद्योग के औसत स्तर से अधिक 23.1% के स्तर पर कुल जमाराशियां प्राप्त करने में सफल रहा. इसकी वैश्विक कासा (अल्प लागत) जमाराशियां वित्त वर्ष 2013 में 15.9% (वर्ष-दर-वर्ष) की दर से बढ़ कर ₹.1,19,981 करोड़ हो गई हैं. इसमें घरेलू कासा का अंश 30.4% है.

आपके बैंक ने कुल आय में 17.3% (वर्ष-दर-वर्ष) की शानदार वृद्धि दर्ज की है और यह ब्याज आय में 18.6% की वृद्धि तथा अन्य (गैर-ब्याज) आय में 6.1% की वृद्धि के समर्थन से वित्तीय वर्ष 2013 में ₹.38,827.28 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई है. सीमित परिनियोजन अवसर होने के बावजूद आपके बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 9.7% (वर्ष-दर-वर्ष) की दर से बढ़ कर ₹.11,315.26 करोड़ हो गई.

आपके बैंक ने बड़े एवं मिड कार्पोरेट, एमएसएमई, खुदरा एवं कृषि क्षेत्र को संतुलित ऋण-संमिश्र प्रदान कर अपने ऋण-संविभाग में 14.2% की वृद्धि की है. पूर्व की भांति आपके बैंक का आस्ति गुणवत्ता अनुपात, बड़े आकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक-वर्ग में सबसे कम रहा. इसका सकल एनपीए 2.40% तथा शुद्ध एनपीए 1.28% रहा.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान उल्लेखनीय औद्योगिक मंदी के बावजूद आपके बैंक का परिचालन लाभ (सकल लाभ) सकारात्मक रहा. यह वित्त वर्ष 13 में 4.9% (वर्ष-दर-वर्ष) की दर से बढ़ कर ₹.8,999.15 करोड़ हो गया है. जहां तक शुद्ध लाभ का संबंध है, यह वित्त वर्ष 12 के ₹.5,006.96 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2013 में घट कर ₹.4,480.72 करोड़ हो गया. इसका कारण एनपीए के लिए उच्चतर प्रावधान करना था.

आपके बैंक ने उच्चतर प्रावधान कवरेज अनुपात के लिए विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना जारी रखा है. 31 मार्च, 2013 के अनुसार इसका ऋण-हानि-कवरेज-अनुपात अपने समकक्ष सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से अपेक्षाकृत 68.24% के उच्चतर स्तर पर रहा.

पूर्व की भांति, आपके बैंक का विदेशी परिचालन, कारोबार का केन्द्र बिंदु रहा. वित्तीय वर्ष 2013 में बैंक के कुल कारोबार में उसका योगदान 29.4%, परिचालन लाभ में 24.6% तथा मुख्य शुल्क आय में 34.2% रहा.

इसकी समग्र मजबूती में इसकी पूंजी का भी अहम योगदान रहा है. इसका सीआरएआर (बासेल-II) 13.30% तथा 31 मार्च, 2013 को टीयर-I पूंजी 10.13% रही. आपका बैंक अपनी बढ़ोतरी के लिए ही नहीं बल्कि बासेल-III की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समुचित रूप से पूंजीकृत है.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान कार्यनीति पहलें

विदेशी कारोबार

आपका बैंक वर्ष 1953 में विदेशी क्षेत्रों में अपने पांव जमाने के समय से ही विदेशी व्यापार जुटाने के लिए शाखा तंत्र में निरंतर विस्तार करता रहा है. इस वर्ष डीआईएफसी, दुबई में बैंक के 100 वें कार्यालय का ऐतिहासिक उदघाटन माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री, भारत सरकार ने किया. 31 मार्च, 2103 को बैंक के 24 देशों में 100 कार्यालयों के द्वारा परिचालन किया जाता था. इन 100 कार्यालयों में 60 बैंक शाखाएं, इसकी विदेश स्थित सहायक कंपनियों की 39 शाखाएं तथा एक प्रतिनिधि कार्यालय शामिल है. आपके बैंक की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वृहद उपस्थिति इसे दुनिया भर में जोखिम-विविधता का उल्लेखनीय लाभ प्रदान करती है. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 में 12 नई शाखाएं/कार्यालय (सहायक कंपनियों सहित) खोले. ये शाखाएं/कार्यालय सिडनी, आस्ट्रेलिया, डीआईएफसी, दुबई, सोहर, ओमान, रोजबेल, मॉरिशस तथा इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सेवा इकाई (ईबीएसयू), डीएमसीसी दुबई में खोली गई हैं. इसके अलावा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मलेशिया में - इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी.ने भी कार्य करना आरंभ कर दिया है.

आस्ति गुणवत्ता

जैसा कि पहले बताया जा चुका है भारत वित्तीय वर्ष-13 में बहुत बड़ी आर्थिक मंदी के दौर से गुजरा जिसके कारण ऋण बकायों एवं ऋण चूकों में बढ़ोत्तरी हुई. इन समस्याओं से निपटने के लिए आपके बैंक ने अग्रिम खातों में आरंभिक रुग्णता/संभावित चूकों/कमियों को पहचानने के लिए अनेकों पहल कर ऋण निगरानी प्रक्रिया को दुरुस्त किया जिससे कि सुधारात्मक उपाय किए जा सकें. इनमें पात्र मामलों में ऋण चुकौती का पुनर्गठन, स्लिपेज रोकने तथा बेहतर आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने जैसे उपायों का समावेश था. वर्ष के दौरान निधिसहित एवं निधिरहित ₹.10 करोड़ एवं अधिक एक्सपोजरवाले अग्रिम खातों के संबंध में मासिक मॉनिटरिंग रिपोर्ट (एमएमआर) का प्रारुप आरंभ किया गया. इससे अग्रिमों की त्वरित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग हुई एवं समस्याजनक खातों पर यथासमय आवश्यक कार्यवाही करना इसके साथ ही आपके क्रेडिट पोर्टफोलियो की आस्ति गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयोजन से बैंक ने खातों की त्वरित समीक्षा, नियम एवं शर्तों की अनुपालना, उच्च मूल्य के खातों की क्रेडिट रेटिंग की अपग्रेडिंग आदि का फॉलोअप आरंभ किया है.

लचर आर्थिक परिदृश्य के कारण आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने के प्रयोजन से आपके बैंक ने एनपीए पोर्टफोलियो की सुदृढ़ मॉनिटरिंग एवं वसूली के लिए प्रचलित परिपाटी को जारी रखा है. आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए इसने शाखा, क्षेत्र, अंचल तथा कार्पोरेट कार्यालय स्तर पर वसूली एवं क्रेडिट मॉनिटरिंग की विस्तृत संरचना तैयार कर हर संभव प्रयास किए गए. इसके अलावा प्रत्येक ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) केन्द्रों के नोडल अधिकारियों को दैनिक आधार पर विधिक मामलों के फॉलो-अप की भूमिका भी सौंपी गई है ताकि डिक्री प्राप्त करने एवं उसके निष्पादन में कम से कम विलंब हो और अधिकतम वसूली प्राप्त हो सके. डीआरटी के सभी दावा दायर एनपीए खातों की वसूली के प्रयोजन से बैंक को प्रभारित आस्तियों को ई-नीलामी के द्वारा बेचा जा रहा है जिससे कि बैंक को प्रभारित आस्तियों का समुचित बाजार मूल्य प्राप्त हो. आपके बैंक ने एन पी ए खातों की वसूली की संभावनाओं का पता लगाने के लिए फॉलोअप तंत्र पर जोर देना जारी रखा है. उच्च मूल्य वर्ग के एनपीए खातों जैसे ₹.25 लाख एवं अधिक के खातों की सीधे ही कार्पोरेट कार्यालय से

मॉनिटरिंग से शाखाओं, एडवोकेटों तथा वसूली एजेंटों आदि के द्वारा पूर्वोपाय करना सुनिश्चित हुआ है.

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 13 के दौरान गांव/नगर स्तर पर लोक अदालत एवं वसूली कैंपों का आयोजन कर छोटे खातों की वसूली पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है. आपके बैंक ने प्रोत्साहन आधारित वसूली योजना "संकल्प-V" आरंभ की जिससे कि ₹.15 लाख तक के कम मूल्य के बकाया खातों की वसूली के लिए स्टाफ सदस्यों का व्यक्तिगत ध्यान आकर्षित किया गया. वित्तीय वर्ष 13 के दौरान इस योजना के अंतर्गत ₹.231 करोड़ से अधिक की संतोषजनक वसूली स्थिति रही.

ग्राहक सेवा

ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने के लिए आपके बैंक ने बैंक वेबसाइट पर एक 'ऑनलाइन शिकायतें' का आयकन तैयार किया है जिसके द्वारा शिकायतकर्ता एक सरल एवं सुविधाजनक तरीके से बहुविध चैनलों द्वारा अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकता है. इसके साथ ही आपके बैंक ने अंचल कार्यालयों के साथ-साथ बैंक के प्रधान कार्यालय में एक समर्पित कंप्यूटर सिस्टम - एक कियोस्क की स्थापना की जिससे कि ग्राहक अपनी शिकायतें/समस्याएं ऑनलाइन दर्ज कर सकें.

कार्पोरेट क्रेडिट

मध्यम श्रेणी के कार्पोरेट ऋणियों को त्वरित गति से क्रेडिट प्रदान करने एवं इस क्षेत्र में विशेषीकृत शाखाओं के माध्यम से कारोबार वृद्धि की दृष्टि से बैंक ने एक नया कारोबार वर्टिकल अर्थात मिड कार्पोरेट सेगमेंट आरंभ किया है. मिड कार्पोरेट ऋणियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केन्द्रित कारोबारी दृष्टि के प्रयोजन से आपके बैंक ने (प्रथम चरण में) देशभर में 16 मिड कार्पोरेट शाखाएं खोली हैं. इसका उद्देश्य कार्पोरेट वित्तीय सेवाओं (सीएफएस) के माध्यम से बड़े कार्पोरेट कारोबार तथा मिड कार्पोरेट शाखाओं के माध्यम से मध्यम कार्पोरेट कारोबार प्राप्त करना है, जिससे कि तुलन-पत्र के अंदर एवं तुलन-पत्र के बाहर के कारोबार से प्राप्त आय को अधिकतम किया जा सके.

वित्तीय वर्ष-12 के बजट भाषण में वित्त मंत्री की घोषणा के अनुरूप आपके बैंक ने देश के प्रथम इंफ्रास्ट्रक्चर डेट फंड - मैसर्स इंफ्रा डेट लि. का प्रवर्तन किया है जिससे कि इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को दीर्घावधि डेट फंड प्राप्त करने में सुविधा हो.

खुदरा कारोबार

जमाकर्ताओं को आकर्षक प्रतिफल देने तथा आस्ति-देयता प्रबंधन (एएलएम) में सुधार लाने के प्रयोजन से आपके बैंक ने 25 फरवरी, 2013 को ''बड़ौदा डबल धमाका'' नाम से एक मीयादी जमा उत्पाद तैयार किया है जिसके अंतर्गत सात वर्ष, छः माह और 5 दिन के लिए 9.34% की दर से ब्याज प्रदान किया जाता है.

आपके बैंक ने आवास ऋण के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 से बढ़ा कर 70 वर्ष कर आवास ऋण उत्पाद में बड़ा परिवर्तन किया है तथा ग्राहक की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए पात्रता मानदंडों को सरल बना कर अपने खुदरा पोर्टफोलियो को मजबूत किया है. इसी के साथ अधिकतम चुकौती अवधि को 25 वर्ष से बढ़ा कर 30 वर्ष कर दिया है जिससे कि ऋणकर्ताओं को लम्बी चुकौती अवधि प्राप्त होती है. यह भी निर्णय लिया गया है कि मास्टर ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत आवास ऋण उधारकर्ताओं को बीमा कवर प्रदान किया जाए.

एमएसएमई कारोबार

आपके बैंक ने एमएसएमई कारोबार को गति प्रदान करने की दृष्टि से इन्द्रप्रस्थ (नई दिल्ली), आणंद, भोपाल, जूनागढ़ और जालंधर में -5- नई एसएमई लोन फैक्टरी खोली हैं जिससे संपूर्ण भारत में एसएमई लोन फैक्टरियों की संख्या -52- हो गई है. बैंक द्वारा लोन फैक्टरी की शानदार संकल्पना आरंभ करने का प्रयोजन बेहतर गुणवत्तापूर्ण ऋण मूल्यांकन, कार्यान्वयन में न्यूनतम समय तथा बेहतर मात्रा सुनिश्चित करना है जिससे कि आपका बैंक क्रेडिट गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना एमएसएमई लोडिंग बढ़ा सके.

इसके साथ ही एमएसएमई वित्तपोषण के क्षेत्र में बैंक की ब्रांड छवि सुधारने के प्रयोजन से बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 में कई प्रदर्शनियों एवं सेमिनारों में सक्रिय रूप से भाग लिया. साथ ही बढ़ोतरी पूर्ण क्रास सेलिंग, स्थानीय बैठकें तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर कारोबारी संघों (निकायों) का समावेश करते हुए संपूर्ण ग्राहक संबंध विकसित करने के प्रयोजन से बैंक ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. एसएमई लोन फैक्टरियों से सम्बद्ध प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग अधिकारियों का ज्ञान एवं कौशल अपडेट करने के लिए आपके बैंक ने बाह्य प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षण केन्द्रों एवं अपने स्टाफ कॉलेज में विशेष पाठयक्रम चलाए. बैंक ने एमएसएमई ऋणियों के लिए ''ऑनलाइन ऋण आवेदन'' आरंभ किया तथा वित्तीय वर्ष 13 के दौरान भारत भर में विभिन्न उद्योगों से संबंधित क्षेत्र-विशिष्ट कई योजनाओं का नवीकरण किया है. इसने जनवरी-मार्च, 2013 के दौरान एमएमई लोन फैक्टरीज़ और शाखाओं को नए कारोबार जुटाने के प्रयोजन से अपना प्रयास दुगुना करने हेतु एमएसएमई उत्सव मनाया.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष-13 में ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग के क्षेत्र में उभरते हुए अवसरों का लाभ उठाने की दृष्टि से विभिन्न कार्यनीतियां अपनाई. इनमें से निम्नलिखित प्रमुख हैं. कृषि अग्रिमों को मजबूत करने के लिए आपके बैंक ने फसल ऋण के अंतर्गत खरीफ एवं रबी जैसे विशेष अभियान चलाए जिसके अंतर्गत क्रमशः ₹.5,284 करोड़ एवं ₹.2,262 करोड़ की राशियों का संवितरण किया गया. निवेश क्रेडिट के अंतर्गत दूसरा अभियान चलाया गया जिसमें ₹.1,096 करोड़ की राशि का संवितरण किया गया. बैंक ने वित्तीय वर्ष 13 के दौरान 4,245 ग्राम्य स्तर पर क्रेडिट कैंप भी आयोजित किए और ₹.2,922.48 करोड़ की राशि का संवितरण 2,06,375 ऋणियों को किया. इसने भारत भर में 450 उन विशिष्ट (थ्रस्ट) शाखाओं का चयन किया जिनका मार्च,2013 अंत तक कुल कृषि बकाया में 36% योगदान रहा.

इससे अलावा इसने विशिष्ट क्षेत्रों को ध्यान में रखकर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरुप योजनाएं तैयार की हैं, विशेष रूप से उन स्थानों के लिए जहां कोल्ड स्टोरेज, पॉल्ट्री यूनिट्स, फिशरी इत्यादि गतिविधियों की बहुतायत हैं. अधिकतम कारोबार प्राप्त करने की दृष्टि से इन योजनाओं के अंतर्गत ब्याज दर, प्रभारों आदि में रियायतें प्रदान की गई.

आपके बैंक ने कृषि अंतर्गत ऋण आवेदनों की प्रोसेसिंग में शाखाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए स्व-ऋण प्रोसेसिंग तंत्र आरंभ किया है ताकि किसानों को पर्याप्त मात्रा में एवं समय पर क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त हो जाएं.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक सरकार की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है. यह विशेष रूप से 45 अग्रणी जिलों का दायित्व संभाल रहा है. इसने आधार भुगतान संपर्क तंत्र (एपीबीएस) का परिचालन आरंभ कर दिया है जिसके अंतर्गत आधार नम्बर के अनुसार हिताधिकारियों के खातों में सीधे ही लाभ अंतरित कर दिए जाते हैं. आधार-सक्षम भुगतान तंत्र (एईपीएस) का प्रयोग करते हुए लेनदेनों को मजबूती प्रदान करने के प्रयोजन से, जिसके अंतर्गत किसी बैंक के बिजनेस करोसपोंडेट के माध्यम से बिक्री केन्द्र अर्थात पीओएस (माइक्रो एटीएम) द्वारा ऑनलाइन अंतर परिचालनयोग्य वित्तीय लेनदेन की अनुमति प्राप्त होती है, आपके बैंक ने इसे मध्य मई 2013 में परिचालनयोग्य बना दिया है.

आपका बैंक वित्तीय समावेशन के लिए हरसंभव प्रयास करता रहा है. इसने ग्रामीण परिचालन में 170 शाखाएं खोली हैं जिनमें से वित्तीय वर्ष 13 के दौरान 101 शाखाएं उन ग्रामीण केन्द्रों में खोली गई जहां बैंकों की शाखाएं नहीं थीं. इसने आलोच्य वर्ष के दौरान देश भर में -2695- अल्ट्रा स्माल शाखाएं खोली हैं. मनरेगा लेन देनों के लिए आपके बैंक ने राजस्थान राज्य के सांगानेर ब्लॉक में एक पायलट प्रोजेक्ट आरंभ किया है जिसमें ₹.86.54.676/- की राशि के 9,593 लेन देनों को प्रोसेस किया गया.

आपके बैंक ने एपीबीएस के अंतर्गत 1,31,735 आधारकार्डों को संबद्ध किया और 6,635 हिताधिकारियों को ₹.49,01,659 का क्रेडिट प्रदान किया.

सूचना प्रौद्योगिकी संरचना

वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों को लोकप्रिय बनाने के प्रयोजन से आपके बैंक ने अपने इंटरनेट बैंकिंग अर्थात बड़ौदा कनेक्ट (रिटेल पोर्टल) के रूप एवं व्यवहार को प्रयोक्ता अनुकूल बनाया है. इसके अलावा आपके बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग चैनल्स के अंतर्गत नई नई सुविधाएं प्रदान करना जारी रखा है. वर्ष के दौरान अन्य बढ़ाए गए फीचर्स में विभिन्न राज्यों के करों का भुगतान, पश्चिम बंगाल की सरकारी राजस्व प्राप्ति (ग्रिप्स) का एकीकरण, ऋण खातों को क्रेडिट प्रदान करना, बिल भुगतान, प्रधानमंत्री राहत कोष को ऑनलाइन दान, ई-बैंकिंग के माध्यम से भारतीय जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान, ई-बैंकिंग से त्वरित भुगतान सेवाएं (IMPS) को जोड़ा गया. वर्ष के दौरान आपके बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा सभी स्मार्ट फोन्स/टैबलेट्स पर प्रदान कर दी गई है. जिससे इसके ग्राहकों को कहीं-से-भी-बैंकिंग सुविधा का लाभ प्राप्त हो. वित्तीय वर्ष 13 के दौरान इंटरनेट बैंकिंग सुविधा -13- विदेशी क्षेत्रों, यथा-तंजानिया, युगांडा, केन्या, मॉरिशस, सेशल्स, बोत्सवाना, न्यूज़ीलैंड, यूएई, फिजी में भी प्रदान कर दी गई है तथा यूके, ओमान एवं घाना में लेन देन आधारित तथा आस्ट्रेलिया में प्रदर्शन (व्यू) आधारित इंटरनेट बैंकिंग प्रारंभ की गई है. आपके बैंक द्वारा प्रायोजित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में प्रदर्शन (व्यू) आधारित इंटरनेट बैंकिंग आरंभ कर दी गई है. इंटरनेट बैंकिंग में सुरक्षा एवं भरोसा बढ़ाने की दृष्टि से आपके बैंक ने धोखाधड़ी प्रबंधन तंत्र सोल्यूशन अपना कर सुरक्षा फीचर्स को मजबूत बनाया है जिसमें भारत में दो फैक्टर प्रमाणीकरण तथा विदेशी क्षेत्रों जैसे यूएई, यूके, न्यूज़ीलैंड, केन्या एवं युगांडा में आरकोट ओटीपी, पुल ओटीपी एवं एसएमएस ओटीपी को सक्षम कर -5- फैक्टर प्रमाणीकरण शामिल किए हैं.

ग्राहकों द्वारा मोबाइल बैंकिंग के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से बैंक ने कई नए कदम उठाए हैं जैसे आयएमपीएस अर्थात इमीजिएट पेमेंट सर्विस (तुरंत भुगतान सेवा) पर्सन टु अकाउंट (पी2ए) निधि अंतरण, ब्लैकबेरी, एंडराइड, विंडोज के साथ साथ सभी आयफोन तथा आयपैड में मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोग की सुविधा, एनयूयूपी (नेशनल यूनीफाइट यूएसएसडी प्लेटफार्म) सुविधा. इसके साथ ही आपका बैंक आयएमपीएस के अंतर्गत पी2एम (पर्सन टु मर्चेंट) निधि अंतरण सुविधा भी कार्यान्वित कर रहा है और इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस इसका पहला मर्चेंट बनाया गया है. आपके बैंक द्वारा विंडोज 8 के लिए मोबाइल बैंकिंग सुविधाएं, युगांडा तथा यूएई आदि में मोबाइल बैंकिंग का कार्यान्वयन भी प्रस्तावित है. आपके बैंक द्वारा बैंक के प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में मोबाइल बैंकिंग कार्यान्वित करने हेतु कदम उठाए गए हैं.

आपके बैंक के एटीएम स्विच को उच्च वर्सन में अपग्रेड किया गया तथा कई विशेषताओं से युक्त हार्डवेयर अपग्रेडेशन भी किया गया ताकि इसका कार्यनिष्पादन अधिक बेहतर हो, एटीएम संव्यवहार तेज गति से संभव हो तथा एटीएम विस्तार में आसानी रहे. एटीएम स्विच को भारत, यूएई, ओमान, मारीशस, तंजानिया, बोत्स्वाना, त्रिनिडाड एण्ड टेबागो तथा न्यूज़ीलैंड में अपग्रेड किया गया. वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा कई ग्राहक केन्द्रित कदम उठाए गए जैसे रूपे एटीएम कार्ड, रूपे पीओएस एवं रूपे किसान क्रेडिट कार्ड, ब्राउन लेबल एटीएम, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस पालिसी धारकों के लिए एटीएम के माध्यम से बीमा प्रीमियम का संग्रहण, एटीएम संव्यवहारों की रसीदें हिन्दी में प्रिंट करना. क्षेत्रीय भाषाओं यथा गुजराती, मराठी तथा तमिल में एटीएम स्क्रीन की सुविधा, दृष्टिबाधित लोगों के लिए बोलने वाले एटीएम, भारत में स्थित एटीएम/पीओएस में धोखाधड़ी प्रबंधन सोल्यूशन का कार्यान्वयन इत्यादि. आपके बैंक द्वारा बैंक के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए रूपे एटीएम कार्ड एवं रूपे केसीसी कार्ड सफलतापूर्वक शुरु किए गए.

सुरक्षा संबंधी विशिष्टताओं को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए आपके बैंक में इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम और पीओएस के लिए धोखाधड़ी प्रबंधन सोल्यूशन कार्यान्वित किया गया. इसके अलावा आपके बैंक द्वारा वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों के माध्यम से किए गए समस्त संव्यवहारों और ₹.5,000/- और उससे अधिक के समस्त सीबीएस संव्यवहारों हेतु एसएमएस अलर्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं. इसके अलावा आपका बैंक बाह्य स्थित अनुप्रयोगों (एस्कटरनल फेसिंग एल्पीकेशन) का वीएपीटी (अतिसंवेदनशीलता आकलन एवं भेदन परीक्षण), ई-बैंकिंग लॉग मानीटरिंग इत्यादि नियमित रूप से कर रहा है. यहां तक कि आपके बैंक ने शाखाओं के लिए शाखा स्तर पर संदिग्ध संव्यवहारों की दैनिक मानीटरिंग के संदर्भ में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली की सहायता से सुरक्षा प्रणाली को अधिक सुदृढ़ किया है.

मानव संसाधन पहलें

आपके बैंक ने बैंक में एक समिश्रित एवं उत्तरदायी मानव संसाधन संस्कृति सृजित करने के लिए संतुलित कार्यनीति अपनाई है, जोकि विकास का मार्ग प्रशस्त करते हुए मौजूदा समय की विभिन्न चुनौतियों अर्थात् व्यापक स्तर पर होनेवाली सेवानिवृत्तियों, बड़ी संख्या में नई प्रतिभाओं के आगमन, व्यापक प्रशिक्षण आवश्यकताओं सहित उत्तराधिकार एवं उत्पादकता की चुनौतियों का समुचित रूप से सामना कर सके.

इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए एक व्यापक मानव संसाधन कार्यनीति एवं संरचना तैयार की गई है जिसे प्रोजेक्ट 'स्पर्श' नाम से एक मानव संसाधन प्रोजेक्ट के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है. यह प्रोजेक्ट पूरे उद्योग में एक विशिष्ट एवं नवोन्मेषी स्थान रखता है.

आपके बैंक ने प्रतिभा प्रबंधन प्रणाली के द्वारा भविष्य के लिए अगली पंक्ति का नेतृत्व विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. यह प्रणाली आगामी 5 वर्षों की संभावित लीडरशिप जरुरतों के अनुरूप संभावनाओं से परिपूर्ण लीडरों की पहचान सुनिश्चित करती है.

आपके बैंक द्वारा विभिन्न स्तरों, कुशलताओं और शाखा स्तरीय मानव शक्ति आवश्यकताओं के आकलन हेतु एक वैज्ञानिक मानवशक्ति आयोजना माडल विकसित किया गया है. बैंक ने आगामी कुछ वर्षों के लिए विभिन्न मानव संसाधन कार्यों जैसे भर्ती आयोजना, कैरियर प्रगति, रिक्तियां तथा पदस्थापना/ तैनाती इत्यादि के संदर्भ में रणनीतिपरक कार्यशक्ति आयोजना भी तैयार की है.

बड़ी संख्या में नए भर्ती होनेवाले स्टाफ को यथाशीघ्र उत्पादक बनाने की दृष्टि से आपके बैंक ने ''ऑन बोर्डिंग कार्यक्रम'' शुरु किया है जिसमें कार्यात्मक तथा सांस्कृतिक स्वरूप दोनों प्रकार के घटकों का समावेश है जिससे वे कार्यदायित्वों के लिए तत्काल तैयार रहें तथा उन्हे बैंक की कार्य-संस्कृति से तालमेल बिठाने में मदद मिले.

एक अन्य प्रमुख नवोन्मेषी कार्य के रुप में आपके बैंक तथा बड़ौदा मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन द्वारा बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ़ बैंकिंग की स्थापना की गई है जो कि आपके बैंक में बैंकिंग कैरियर अपनानेवाले विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देता है, यह फर्स्ट डे, फर्स्ट आवर उत्पादकता माडल पर आधारित है. विद्यार्थियों को एक वर्ष का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, बैंक की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है और विद्यार्थियों को बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारी के रूप में समाहित करने से पूर्व उन्हें बैंकिंग एवं वित्त में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान करता है.

जोखिम प्रबंधन

सुदृढ़ एवं ठोस वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन तंत्र विकसित किया है ताकि बैंक द्वारा जोखिमों का उचित रूप से मूल्यांकन और निरंतर मानीटरिंग की जा सके. आपके बैंक के निदेशक मंडल ने एक सुदृढ़ उद्यम -व्यापक जोखिम प्रबंधन संरचना को अपनाया है ताकि जोखिमों को निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित की गई सीमा तक सीमित रखा जा सके.

आपके बैंक ने बासल ॥ फ्रेमवर्क में सफलतापूर्वक माइग्रेशन कर लिया है, टीयर । पूंजी की प्रधानता के साथ, बैंक की कुल पूंजी को देखते हुए आपके बैंक को बासल ॥। पूंजी नियमों के कार्यान्वयन में कोई कठिनाई नही होगी.

वित्त वर्ष, 13 की प्रमुख उपलब्धियां-

चुनौतीपूर्ण व्यवसाय परिवेश के बावजूद, आपके बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संतोषजनक परिणाम हासिल किए हैं.

- आपके बैंक का वैश्विक व्यवसाय 19.3% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ मार्च, 2013 के अंत में ₹.8,02,069 करोड़ हो गया इसमें घरेलू व्यवसाय 17.4% की वृद्धि के साथ ₹.5,66,000 करोड़ तथा विदेशी व्यवसाय 24.2% की वृद्धि के साथ ₹.2,36,069 करोड़ रहा.
- मार्च, 2013 के अंत मे आपके बैंक का वैश्विक व्यवसाय 23.1% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ ₹.4,73,883 करोड़ रहा. घरेलू जमाराशियां 22.0% की वृद्धि के साथ ₹.3,41,706 करोड़ रहीं, जब कि विदेशी जमाराशियां 26.2% की वृद्धि साथ, रु.1,32,178 करोड़ रहीं.
- उपरोक्त चुनौतियों के बावजूद आपके बैंक की कासा जमाराशियों 15.9% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ ₹.1,19,981 करोड़ रहीं.
- 31 मार्च, 2013 को घरेलू कासा 30.38% रहे.
- मार्च, 2013 के अंत में आपके बैंक के वैश्विक अग्रिम 14.2% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ ₹.3,28,186 करोड़ रहे जब कि आपके बैंक के घरेलू अग्रिम 11.0% की वृद्धि के साथ ₹.2,24,294 करोड़ रहे. विदेशी अग्रिम 21.8% की वृद्धि के साथ ₹.1,03,891 करोड़ रहे.
- वित्त वर्ष, 2013 के दौरान आपके बैंक का रिटेल ऋण 6.7% (वर्ष-